GCMS No.- 2025/131

FORM NO –III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत कलक्टर, **मुकाम** डीडवाना–कुचामन

प्रार्थी		**अप्रार्थीगण**
उमाराम किरड़ोलिया पुत्र खींवाराम, जाति जाट, निवासी हनुमान जी की ढ़ाणी, मकराना	**बनाम**	अंशुल सिंह बेनिवाल, आर.ए.एस., उपखण्ड अधिकारी, मकराना वगैरह।

किस्म मुकदमा मुन्तकिल प्रार्थना पत्र **संख्या...** 69 **सन्** 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
15.07.2025	प्रार्थी उमाराम किरड़ोलिया पुत्र खींवाराम, जाति जाट, निवासी हनुमान जी की ढ़ाणी, मकराना तहसील मकराना ने अप्रार्थी अंशुल सिंह बेनिवाल, आर.ए.एस., उपखण्ड अधिकारी, मकराना वगैरह के विरूद्ध मुन्तकिल प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। उपखण्ड अधिकारी मकराना से पैरावाईस टिप्पणी ली जावें। अप्रार्थी जरिये सम्मन तलब होकर पत्रावली दिंनाक **18.08.2025** को पेश हो। 15/07/25 जिला कलक्टर, डीडवाना–कुचामन	
18/08/2025	पत्रावली पेश हुई। उपखण्ड अधिकारी मकराना से पैरावाईज टिप्पणी प्राप्त हुई। अप्रार्थी सं० 02 से 05 की तरफ से वकील श्री भंवराराम डूडी ने वकालतनामा व जवाब पेश किया। पत्रावली वास्ते बहस दिनांक 26/08/2025 को पेश हो। 18.08.25 जिला कलक्टर डीडवाना–कुचामन	
26/08/2025	पत्रावली पेश हुई। श्रीमान पीठासीन [illegible] अन्य कार्य में व्यस्त [illegible]। पत्रावली दिनांक 08/09/2025 को पेश हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2026.04.01 15:03:21 IST
Reason: SelfAttested

FORM NO -III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत कलक्टर, **मुकाम** डीडवाना–कुचामन

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
18.02.2026	पत्रावली पेश हुई। उक्त प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी मकराना से रिपोर्ट ली गई। उपखण्ड अधिकारी मकराना के पत्र क्रमांक कोर्ट/2025/174 दिनांक 05.08.2025 के द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राजस्व अवमानना प्रकरण सख्या 152/2024 व राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 67/2024 एवं रिसिवर नियुक्ति प्रार्थना पत्र संख्या 145/2025 अनुवान भवरू बनाम उमाराम न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मकराना में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण से सम्बन्धित मूल वाद माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर में विचाराधीन है जो इसी प्रकरण की विषय वस्तु से सम्बन्धित है। चूंकि प्रकरण माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर में विचाराधीन है जो इसी प्रकरण की विषय वस्तु से सम्बन्धित होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। 18.02.26 जिला कलक्टर डीडवाना–कुचामन	

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2026.04.01 15:03:21 IST
Reason: SelfAttested